## रीवा में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित करने केंद्रीय विधि मंत्री से मिले सांसद



नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर रीवा में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित करने की मांग की है. उन्होंने माग पत्र में कहा है कि विंध्य प्रदेश का विलय से पूर्व उच्च न्यायालय स्थापित था जो 1935 मे स्थापित किया गया था.**

सन 52 में विंध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ ही उच्च न्यायालय को विंध्य प्रदेशके न्यायालय में परिवर्तित कर दिया गया था. मध्य प्रदेश में विलय के साथ ही उच्च न्यायालय को समाप्त कर दिया गया था. जिसका विंध्य क्षेत्र के लोगों ने लगातार विरोध किया और उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना किए जाने के लिए समय-समय पर जन आंदोलन भी किए गए अधिवक्ता सांघो द्वारा भी कई बार आंदोलन किए गए प्रदेश की विधानसभा से भी उच्च न्यायालय खंडपीठ रीवा में स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया जा चुका है. रीवा सांसद ने केंद्रीय विधि मंत्री को बताया कि विंध्य क्षेत्र हर दृष्टि से उच्च न्यायालय की खंड पीठ स्थापित करने हेतु सक्षम है यहां 15000 से अधिक विद्वान अधिवक्ता कार्य कर रहे हैं जो हर दृष्टि से अनुभव और विद्युतता में परिपक्व है.

विंध्य क्षेत्र में बड़ी संख्या आदिवासी जनजाति पिछड़ा वर्ग और गरीब तबके की है जिन्हें न्याय सुलभ हो जिस हेतु उच्च न्यायालय की खंडपीठ रीवा में स्थापित किया जाना अति आवश्यक है केंद्रीय विधि मंत्री ने माग पद पर सहमत व्यक्त करते हुए कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है.

## नियमों को दरकिनार कर लाइन परिचारक बनाए गए कनिष्ठ यंत्री

### कनिष्ठ यंत्री को लोकायुक्त ने पकड़ा था रिश्वत लेते, नौकरी में रहते हुए प्राप्त किया डिप्लोमा, लटकी जांच

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, विद्युत विभाग में नियमों को ताक पर रखकर काम चल रहा है. फिर चाहे विद्युतीकरण का मामला हो या अधिकारियों को दायित्व देना का. नियमो को ताक पर रखकर लाइन परिचारक को कनिष्ठ यंत्री बना दिया गया. प्रभारी कनिष्ठ यंत्री के रिश्वत लेने के मामले ने विद्युत मंडल रीवा रीजन के अधिकारियों की मनमानी की पोल खोल दी. पूरे मामले की जांच कराई जाय तो एक बड़ा मामला सामने आ सकता है.**




विद्युत विभाग में कार्यरत लाइन परिचारक को शहर संभाग में जेई का प्रभार दे दिया गया. तत्कालीन मुख्य अभियंता ने नियमों को ताक पर उन्हें डीई की अनुसंशा पर आंख मूदकर आदेश जारी कर दिया. हैरानी की बात यह है कि किशोर त्रिपाठी को जेई का प्रभार देने में विभागीय जांच को भी दबा दिया गया. लोकायुक्त की टीम द्वारा गुरुवार 10 हजार रुपए लेते ट्रेप किए गए किशोर त्रिपाठी के डिप्लोमा की जांच भी लंबित है. इसके अलावा दो और लाइन परिचारकों को कनिष्ठ यंत्री का प्रभार दिया गया है. कंपनी के जबलपुर मुख्यालय को अंधेरे में रखकर चहेतों को मनमाफिक प्रभार देने का कारनामा किया गया. विभागीय सूत्रो ने बताया कि किशोर त्रिपाठी की नियुक्ति संविदा लाइन परिचारक के पद पर हुई थी. बाद में उन्होंने डिप्लोमा सर्टिफिकेट हासिल कर कनिष्ठयंत्री के समकक्ष पहुंच गए, वही डिप्लोमा मामले की शिकायत भी की गई. जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होने विभागीय अनुमति नहीं ली और किसी निजी संस्था में नियमित छात्र बनकर डिप्लोमा ले लिया. इस मामले की शिकायत पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर में की गई कि आखिर कोई व्यक्ति संस्था में नियमित नौकरी करते हुए नियमित रूप से अध्ययन कैसे कर सकता है. लोकायुक्त की जांच अभी रिश्वत को लेकर हो रही है.

### सीई कार्यालय में लंबित है फाइल

लोकायुक्त के हाथ चढ़े कनिष्ठ यंत्री किशोर त्रिपाठी के डिप्लोमा की जांच रिपोर्ट अभी तक जबलपुर नही पहुंच पाई है. मुख्य अभियंता कार्यालय में फाइल लटकी हुई है. जबकि कम्पनी के नियम है कि कर्मचारी नियमित नौकरी और नियमित डिप्लोमा कोर्स नही कर सकता. सूत्रो ने बताया कि इस डिप्लोमा के सर्विस रिकार्ड में दर्ज करने के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में तत्कालीन मुख्य अभियंता डी कुमार ने जांच के लिए पत्राचार किया था. बताया गया है कि अनिल मिश्रा और अजय मिश्रा भी लाइन परिचारक हैं, लेकिन इनकों भी रिटायर होने के पहले तक तत्कालीन सीई कनिष्ठयंत्री का प्रभार सभी नियमों को शिथिल करते हुए दे दिया. इनकी भी विभागीय जांच लंबित है. हालाकि इस संबंध में मुख्य अभियंता श्रीमती प्रमा पाण्डेय से उनका पक्ष जानने के लिये सम्पर्क किया गया, लेकिन चर्चा नही हो पाई.

## सम्पत्तिकर न जमा करने पर चार दुकानों में ननि ने लगाया ताला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, सम्पत्तिकर न जमा करने वाले चार दुकानदारो के यहा नगर निगम ने ताला लगा दिया.**

वार्ड 9 मे स्टेडियम के पास निर्मित दुकानो का सम्पत्तिकर बकाया होने पर 04 दुकानों में तालाबंदी एवं 07 दुकानो से मौके में राशि जमा कराई गई. जिनमें



दिनेश पटेल दुकान क्र. 18, सन्तोष पटेल दुकान क्र. 19, माया सिंह दुकान क्र. 15 एवं 16 की बकाया सम्पत्तिकर राशि जमा न किये जाने पर नगर निगम ने तालाबंदी की कार्यवाही की एवं वही पर शेष अन्य 07 दुकानों से बकाया सम्पत्तिकर राशि रू. 1.50 लाख मौके पर जमा कराया गया. नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय पर करों की राशि जमा न करने वाले करदाताओं के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी. कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी मौजूद रहे.

## आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर सौंपे गए दायित्व

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, आदि कर्मयोगी अभियान विजन-2030 अन्तर्गत जिला एक्सन प्लान तैयार करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर जिले के आदि कर्मयोगी में चयनित 424 ग्रामों के लिए विभागीय अधिकारी एक्सन प्लान तैयार करेंगे. कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को विभागीय कार्ययोजना तैयार कर अपलोड करते हुए एक प्रति जिला संयोजक जनजातीय कार्य विकास को सौंपने के निर्देश दिये हैं.

### संक्षिप्त

#### बैठक व्यवस्था न होने से नाराज अधिवक्ता धरने पर बैठे



**रीवा.** नवीन न्यायालय भवन में अधिवक्ताओं को बैठने की व्यवस्था न होने से नाराज कई अधिवक्ता शुक्रवार को धरने पर बैठ गये. अधिवक्ताओं का आरोप है कि नए भवन में न्यायालय संचालित तो हो गया है लेकिन अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था नही की गई है. जिसके चलते अधिवक्ता भटक रहे है और कई अधिवक्ता जमीन में बैठकर काम कर रहे है. गौरतलब है कि जिला एवं सत्र न्यायालय अपने नवीन भवन में स्थानान्तरित हो चुका है. पहले दिन जब नए न्यायालय भवन में अधिवक्ता पहुंचे तो बैठक व्यवस्था नही थी, जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की थी. जिसके बाद आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही बैठने की व्यवस्था हो जाएगी. शुक्रवार को कई अधिवक्ता बैठक व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई और आरोप लगाया गया कि कुर्सी टेबिल जो लगाई गई है वह पर्याप्त नही है. कई ऐसे अधिवक्ता है जो जमीन पर बैठ कर काम कर रहे है. अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर जल्द व्यवस्था नही की जायेगी तो मजबूरन मैदान में झोपड़ी बनाकर बैठना पड़ेगा. अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संघ पर व्यवस्था न बनाने का आरोप लगाया.

#### निर्माण कार्य का किया गया भूमि पूजन



रीवा. नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 08 में शिव मैरिज गॉर्डेन से धनश्याम सिंह के घर तक आर.सी.सी सड़क एवं पुलिया का निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर अजय मिश्रा की मौजूदगी में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक हर्ष प्रसाद चतुर्वेदी एवं बाल्मीक चतुर्वेदी के द्वारा नारियल तोड़कर किया गया. उक्त कार्य की लागत 16.26 लाख रू. है. इस आरसीसी सड़क एवं पुलिया निर्माण होने से वार्ड के सैकड़ों परिवारो को लाभ प्राप्त होगा. भूमिपूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती अनीता उमेश वर्मा, कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, सहायक यंत्री एसके गर्ग, उपयंत्री रमेश सिंह, अतिक्रमण प्रभारी सुखेन्द्र चतुर्वेदी एवं दिलीप चतुर्वेदी, विनोद पाण्डेय के साथ बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे.





## भरत मिलाप महोत्सव में श्री राम मंदिर गाथा के वर्णन से मंत्रमुग्ध हुए श्रोतागण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, नगर विजयादशमी उत्सव समिति रीवा के तत्वाधान में आयोजित भरत मिलाप महोत्सव के पावन अवसर पर पहली बार पद्मधर पार्क मे गाथा श्रीराम मंदिर की यह अनूठा एवं भव्य संगीतमयी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.**

श्रीराम मंदिर की 500 वर्षो की त्याग, बलिदान और संघर्ष की अमर गाथा को श्रोताओं ने खूब प्रशंसा की भारत मिलाप के इस आयोजन में भोपाल से आये कहानीकार मोहित शेवानी की 26 सदस्यीय टीम द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई. मोहित शेवानी ने श्री राम मंदिर गाथा मे चलचित्र द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जिसमें 500 वर्षों का इतिहास था श्री शेवानी ने बताया कि इन 500



वर्षों में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए कितनी लड़ाइयां लड़ी गई और कितने लोगों की जान गई उसके बाद हमें यह भव्य मंदिर निर्माण करने का अवसर मिला उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और निर्मोही अखाड़े का भी वर्णन किया. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मोहित शेवानी की टीम को शाल श्रीफल और सुपारी से बनी प्रतिमा भेंट की, 1992 मे रीवा से गए कार सेवको का भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया, मंच संचालन शुभम पांडे ने किया. इस अवसर पर कलाकारों का सम्मान भी किया गया.

**कार्यक्रम में ये रहें मौजूद** - कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मैहरधाम के पुजारी पवन महराज, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल राजेश पांडे तथा विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, प्रहलाद सिंह, डॉ नरेश बजाज, नगर विजयादशमी उत्सव समिति के संस्थापक संरक्षक सियाराम गुप्ता, महेन्द्र सराफ संरक्षक, अध्यक्ष- प्रकाश तारानी, महासचिव देवेश कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष अमित डिगवानी, उपाध्यक्ष प्रभात दीक्षित, मीडिया प्रभारी प्रमोद दीक्षित एवं कमलेश सचदेवा, अशोक मंजानी, महेश ठारवानी, सुमित डिगवानी, दिव्याशुं गौतम, नरेश काली, मोहित गुप्ता, सुबंधु मिश्रा, अंकित मिश्रा, अंशुमान गुप्ता, अमित जैन मौजूद रहे.

### विश्व में तभी शांति आएगी जब भारत विश्व गुरू बनेगा : शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इतिहास का ज्ञान होने पर ही हम विषम परिस्थिति में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे. सनातन की पुर्नस्थापना से देश को मजबूत करने का वातावरण चल रहा है. उप मुख्यमंत्री गत रात्रि भरत मिलाप कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी की कुशलता के कारण देश में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और सनातन की पुर्नस्थापना हुई. उन्होने कहा विश्व में तभी शांति आएगी जब भारत विश्व गुरु बनेगा. श्री शुक्ल ने कहा कि विश्व में युद्ध का मंजर है चारों तरफ मिसाइल गोले चल रहे हैं लोगों की मौत हो रही है यह तभी रुकेगा जब भारत विश्व गुरु बनेगा कोठारी बंधुओं के बलिदान से मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ. उन्होंने दशहरा उत्सव समिति द्वारा प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए दशहरा एवं भरत मिलाप कार्यक्रम आयोजन के लिए साधुवाद दिया तथा अपेक्षा की कि आगे भी यह कार्यक्रम कुशलतापूर्वक परंपरा अनुसार संचालित होते रहेंगे. कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को भाव विभोर करने वाली मंचीय प्रस्तुति की उप मुख्यमंत्री ने सराहना करते हुए कहा कि इस प्रस्तुति से उपस्थित लोग अभिभूत हुए. उप मुख्यमंत्री ने श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के स्वरूप का पूजन किया.

## प्रदेश का पहला ननि बना रीवा, अब अधिकारी चलेंगे इलेक्ट्रिक वाहनों से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, नगर निगम रीवा ने एक विशेष पहल करते हुए आज से एक नया अध्याय शुरू किया. निगम रीवा ने हरी झंडी दिखाकर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेवा का शुभारंभ किया. स्वच्छ और हरित परिवहन की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, नगर निगम रीवा ने 10 अक्टूबर से इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन प्रारंभ किया है.**

महापौर अजय मिश्रा, निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय एवं निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे की उपस्थिति में निगम में कार्यरत कार्यालय सहायक रामशिरोमणि सेन को हरी झंडी दिखाने का अवसर प्रदान किया गया, जिसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन प्रारंभ हुआ. निगम ने नए टेंडर के माध्यम से कुल 16 इलेक्ट्रिक वाहनों को किराए पर लिया है, जो विभिन्न शाखाओं एवं विभागों में उपयोग किए जाएंगे. विशेष बात यह है कि प्रदेशभर में रीवा नगर निगम पहला निगम बना है, जिसने अपने नियमित प्रशासनिक कार्यों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग प्रारंभ किया है. महापौर अजय मिश्रा ने कहा कि रीवा नगर निगम सदैव नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रसर रहा है. उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर को भोपाल में हुई बैठक में मैंने कहा था कि रीवा नगर निगम 10 अक्टूबर से एक नया नवाचार करेगा. आज उस वादे को पूरा करते हुए रीवा नगर निगम ने मध्यप्रदेश का पहला नगर निगम बनने का गौरव प्राप्त किया है, निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि यह पहल न केवल ऊर्जा की बचत करेगी, बल्कि क्लीन और ग्रीन रीवा की परिकल्पना को साकार करने में भी सहायक सिद्ध होगी. आने वाले समय में इस व्यवस्था का और अधिक विस्तार किया जाएगा. निगम द्वारा जल्द ही चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी. इस दौरान नगर निगम आयुक्त डा0 सौरभ सोनवणे ने कहा कि नगर निगम रीवा द्वारा ईवी वाहनों का उपयोग प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कार्बन फुटप्रिंट घटाने के उद्देश्य से किया गया है.



इलेक्ट्रिक वाहन का हरी झंडी दिखाकर किया जा रहा शुभारंभ

## अशोक मिष्ठान के रसगुल्ले में मैदे की पाई गई मिलावट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, दीपावली के त्यौहार को देखते हुए दूषित खाद्य सामग्री परोसने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है. निरीक्षण के दौरान कई जगह स्वच्छता का अभाव पाया गया और कई जगह कमियां मिलने पर नोटिस दी गई है.**



अशोक मिष्ठान भंडार गुड़ाई बाजार की जांच के दौरान छेने की रसगुल्ला की प्राथमिक जांच के दौरान मैदे की मिलावट पाई गई. प्रतिष्ठान से छेने की रसगुल्ला का रेगुलेटरी नमूना लिया गया है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संचालक सौरव अग्रवाल के विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई आरंभ की जाएगी. टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान गुडहाई बाजार स्थित सलीम डेरी की भी जांच की गई जांच में पैक्ड खाद्य पदार्थ में नियमानुसार नहीं पाए जाने से प्रकरण रजिस्टर किया गया है. सलीम डेरी के कारखाने में स्वच्छता का अभाव पाया गया. जिस पर इंप्रूवमेंट नोटिस की कार्रवाई की जा रही है. टीम द्वारा जांच के दौरान इलाहाबाद रोड स्थित जय एक्सटेंशन काउंटर की जांच की गई एवं उससे लगे हुए केक टर्मिनल पर एक्सपायरी डेट के फाउंडेशन पाए गए का इस्तेमाल केक को डेकोरेट करने में किया जाता था जिन्हें मौके पर नष्ट कराया गया. कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे साबिर अली, नापतोल उप नियंत्रक विजय खातरकर सम्मिलित रहे.

## अस्पताल में शराब के नशे में डॉक्टर ने मचाया हंगामा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अक्टूबर, संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में एक शर्मनाक घटना सामने आई है.**

यहां मेडिसिन विभाग के डॉ. विवेक शराब के नशे में धुत होकर गुरुवार रात को हंगामा मचाने लगे. इस दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों और स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. जानकारी के अनुसार डॉ. विवेक ने रात के समय शराब के सेवन के बाद अस्पताल के वार्ड में अचानक हंगामा शुरू कर दिया. वे चिल्लाने लगे और व्यवहारिक रूप से असंयमित हो गए, जिससे मरीजों का उपचार बाधित हो गया.

वार्ड में मौजूद अन्य चिकित्सक, नर्स और अटेंडेंट्स ने घबराहट में तुरंत अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों को सूचना दी. सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और डॉ. विवेक को वार्ड से बाहर निकाल लिया. डॉ. विवेक के इस आचरण से उनके सहकर्मी डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ लंबे समय से परेशान थे. घटना के तुरंत बाद, प्रभावित स्टाफ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी के समक्ष डॉ. विवेक के खिलाफ औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज कराई.